प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 23.06.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम राष्ट्रपति भवन में प्रदान करेंगी देश के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार, झारखंड आंदोलन के प्रणेता शिबू सोरेन को मरणोपरांत मिलेगा पद्म भूषण।**

2. **केंद्रीय कृषि मंत्री अलनीनो और कम बारिश को लेकर आज सभी राज्यों के साथ करेंगे ऑनलाइन बैठक, झारखंड में 1 जून से अब तक सामान्य से 60 प्रतिशत कम बारिश।**

3. **रांची में एसआईआर को लेकर बीएलओ को मिला विशेष प्रशिक्षण; 30 जून से घर–घर जाकर होगा मतदाता सूची का सत्यापन, प्रशासन ने जनता से की सहयोग की अपील।**

4. **दुमका वन प्रमंडल के मसानजोर इको–कॉटेज प्रोजेक्ट को मिला प्रतिष्ठित नेशनल स्कॉच अवार्ड; नई दिल्ली में दिया गया सम्मान।**
5. **झारखंड टी–20 क्रिकेट लीग का फाइनल आज, रांची के जेएससीए स्टेडियम में छोटानागपुर रॉयल्स और जमशेदपुर स्टीलर्स के बीच होगा खिताबी मुकाबला।**

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में देश के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस भव्य समारोह में दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और छप्पन पद्मश्री सहित कुल 65 हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

****

झारखंड आंदोलन के प्रमुख शिल्पकार और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिवंगत नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत प्रतिष्ठित पद्मभूषण सम्मान से नवाजा जाएगा। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के अनुसार, शिबू सोरेन की पत्नी रूपी सोरेन यह पुरस्कार ग्रहण करेंगी। इस विशेष अवसर पर उनकी बहू कल्पना सोरेन भी मौजूद रहेंगी। इस बीच पार्टी नेता और राज्य के मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने केन्द्र सरकार से शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग की है।

****

अलनीनो और कम बारिश को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सुबह 10 बजे सभी राज्यों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक करेंगे। झारखंड में 1 जून से अब तक सामान्य से 60 प्रतिशत कम बारिश हुई है। राज्य के कृषि सचिव अबु बकर सिद्दीकी ने कहा कि विभाग सुखाड़ से निपटने और वैकल्पिक खेती के लिए पूरी तरह तैयार है।

****

रांची जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 को लेकर सभी विधानसभा क्षेत्रों के बीएलओ और सुपरवाइजरों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसके तहत 30 जून से 29 जुलाई तक घर–घर जाकर एन्युमेरेशन फॉर्म का वितरण और सत्यापन किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने मतदाताओं से बीएलओ को सहयोग करने की अपील की है।

****

दुमका के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मसानजोर के चर्चित इको–कॉटेज प्रोजेक्ट को इस वर्ष के प्रतिष्ठित नेशनल स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया है। दुमका के वन प्रमंडल पदाधिकारी सात्विक ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में यह राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण किया।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यसभा चुनाव के बाद महागठबंधन में मचे घमासान पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा की कार्यशैली और चुनावी नतीजों से खुश नहीं है, तो उसे सरकार से अपना समर्थन तुरंत वापस ले लेना चाहिए।

****

धनबाद में आजसू पार्टी के स्थापना दिवस पर सरकार के खिलाफ विशाल आक्रोश रैली निकाली गई। इसमें पार्टी प्रमुख सुदेश महतो और सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार और अधिकारियों–अपराधियों के गठजोड़ के खिलाफ बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।

****

केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई की टीम ने रामगढ़ जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने बरका–सयाल क्षेत्र के सौंदा स्थित रीजनल स्टोर में छापेमारी कर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के चीफ स्टोर कीपर अरुण सिन्हा को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सुरक्षा कार्य के बदले घूस मांगने की शिकायत पर की गई है।

****

झारखंड टी–20 क्रिकेट लीग के फाइनल मुकाबला आज छोटानागपुर रॉयल्स और जमशेदपुर स्टीलर्स के बीच होगा। रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में दोनों टीमों के बीच इस पहले संस्करण का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। इससे पहले सेमीफाइनल में जमशेदपुर स्टीलर्स ने कोयलांचल सुपर किंग्स को 79 रन से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने लखनऊ में कोचिंग सेंटर में आग लगने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– पद्म भूषण गुरुजी...पत्नी रुपी सोरेन आज राष्ट्रपति के हाथों लेंगी सम्मान।

प्रभात खबर लिखता है– कॉपियों की ऑनलाइन जांच में कई जवाब स्पष्ट नहीं दिखने से उनके अंक ही नहीं मिले, दोबारा मूल्यांकन में 6 प्रतिशत तक बढ़े अंक।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– नीटः झारखंड की दो छात्रा समेत 30 लोग गिरफ्तार।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– नान–इंटरलॉकिंग के कारण कई ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी।

*********समाप्त***************